पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———

मा0 प्रधानमंत्री के "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में राजभवन ने आनलाइन सहभागिता की

———

राजभवन से विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रधानमंत्री के ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम में आनलाइन सहभागिता की

———

लखनऊ : 01 अप्रैल, 2022

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विद्यार्थियों संग "परीक्षा पे चर्चा–2022" कार्यक्रम में सहभागिता करने हेतु राजभवन के गांधी सभागार में आनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राजभवन, जवाहर नवोदय विद्यालय, पिपरसंड, ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा राजभवन के अधिकारियों ने ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में स्टूडेंट्स को परीक्षा के दौरान तनाव से निपटने के सुपर टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं को हमेशा परीक्षा को त्योहारों के रूप में लेना चाहिए। मााननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि आप कभी भी घबराहट में परीक्षा न दें क्योंकि आप पहली बार परीक्षा नहीं दे रहे हैं। अब आप परीक्षा देते हुए आखिरी पड़ाव के करीब बढ़ रहे हैं। आपने पूरा समुद्र पार कर लिया है अब किनारे के पास आकर आपको डूबने का डर नहीं होना चाहिए इसलिए जो तैयारी की है, उस पर यकीन रखें, मोटिवेशन के लिए किसी की जरूरत नहीं, अपने किए पर विश्वास रखें

और आगे बढ़ें, माध्यम नहीं मन समस्या है, ध्यान से पढ़ें, एग्जाम जीवन के छोटे–छोटे पड़ाव हैं, परीक्षा जीवन का सहज हिस्सा है इसलिए खुद को तनाव में मत आने दें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों पर बोझ न डालें तथा बेटा–बेटी में अंतर न करें। दोनों को समान अवसर दें।

प्रधानमंत्री जी ने नई शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी का पूरे हिन्दुस्तान में जोरदार स्वागत हुआ है। इसे सरकार ने नहीं बल्कि नागरिकों और टीचर्स ने देश के भविष्य के लिए बनाया है। पहले हमारे यहां खेलकूद को एक्स्ट्रा एक्टिविटी माना जाता है, पर इस नीति के तहत वह शिक्षा का हिस्सा बन गया है। यानी बिना खेले कोई खिल और खुल नहीं सकता है।

––––––

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (181/2)
सम्पर्क सूत्र 9453005360

Coming Up
PARIKSHA Pe
CHARCHA 2022
राज भवन उत्तर प्रदेश